संख्याः 02/2025/321/46-3-25-2511/2013

प्रेषक,

सी. इन्दुमती,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
गन्ना एवं चीनी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

चीनी उद्योग अनुभाग-3 **लखनऊःदिनांक 19 फरवरी, 2025**

विषयः- पेराई सत्र 2024-25 में क्रय किए जाने वाले गन्ने की कुल मात्रा पर चीनी मिलों के द्वारा गन्ना समितियों एवं गन्ना विकास परिषदों को दिए जाने वाले अंशदान की दर निर्धारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि गन्ना कृषकों/सहकारी गन्ना विकास समितियों के हितों के दृष्टिगत पेराई सत्र 2024-25 हेतु चीनी मिलों के द्वारा गन्ना समितियों एवं गन्ना विकास परिषदों को दिए जाने वाले अंशदान की दर अंकन रु.5.50 प्रति कुन्तल निर्धारित की जाती है। उक्त निर्धारित दर के अनुसार पेराई सत्र 2024-25 में अंशदान का भुगतान चीनी मिलों के द्वारा किया जाएगा।

कृपया तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

सी. इन्दुमती
विशेष सचिव।

संख्याः 02/2025/321(1)/46-3-25-2511/2013, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ.प्र., प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ.प्र., प्रयागराज।
3. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश (उन जनपदों में जहाँ चीनी मिलें स्थित हैं)।
4. प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि., लखनऊ।
5. प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. राज्य चीनी निगम लि., लखनऊ।
6. समस्त उप गन्ना आयुक्त/उप चीनी आयुक्त, उ.प्र.।
7. समस्त जिला गन्ना अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
8. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-6, उ.प्र. शासन।
9. चीनी उद्योग अनुभाग-1/2, उ.प्र. शासन।
10. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

नूतन अग्निहोत्री
अनु सचिव।

https://shasanadesh.up.gov.in